## खबर संक्षेप

### श्रीराम को मिला वनवास

**जुन्नारदेव।** शुक्रवार रात्रि में नगर के रामलीला मंच पर दशरथ कैकई संवाद, कैकेई मंथरा संवाद और श्री राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। अयोध्या में भगवान श्री राम और उनके समस्त अनुजों का विवाह के उपरांत हर्षोल्लास का वातावरण व्याप्त था, तब अचानक राजा दशरथ दर्पण मे अपनी जरावस्था को भांप लेते हैं और वह संन्यास आश्रम की ओर जाने का मन बना लेते हैं, वह भगवान श्री राम को अयोध्या का नरेश बनाए जाने के लिए कुलगुरु वशिष्ठ से सलाह करते हैं। श्री राम के राजतिलक पर सहमति बनने के बाद मंथरा के द्वारा महारानी कैकई को पुत्र मोह का पाठ पढ़ाते हुए भड़काया जाता है। दासी मंथरा के प्रभाव से वशीभूत होकर महारानी केकई कोपभवन में जा पहुंचती है। श्री राम के राज्याभिषेक की पूर्व रात्रि को ही महारानी कैकेई के इस तरह कोप भवन में चले जाने से राजा दशरथ विचलित हो जाते हैं और उन्हें मनाने के लिए वह कोप भवन पहुंचते हैं। जहां पर महारानी कैकई के द्वारा महाराज दशरथ से दो वर मांग लिए जाते हैं जिसमें अपने पुत्र भरत का राज्याभिषेक और राम का वनवास दिया जाना होता है। महाराज दशरथ के द्वारा अपनी सबसे प्रिय महारानी कैकेई को समझाने में असफल हो जाते हैं और अपने क्षत्रिय कुल की मान मर्यादा और लाज रखने के लिए वह दोनों वर देते हुए मूर्छित हो जाते हैं। इसी दरमियान महारानी केकई भगवान श्री राम को राजसी वस्त्र त्याग कर वनवासी वस्त्र प्रदान कर उन्हें वन की ओर रवाना कर देती है। इनके साथ ही देवी सीता और अनुज भ्राता लक्ष्मण भी उनके साथ वन की ओर रवाना हो जाते हैं। देर रात तक चली इस मार्मिक प्रसंग की लीला में अनुरूप शर्मा (श्री राम), शैलेंद्र मिंटू शर्मा (लक्ष्मण), तरुण बत्रा (राजा दशरथ), जगदीश आरासिया (महारानी केकई), संजय पाटिल (महारानी कौशल्या), हर्ष सोनी (सीता), वंश (उर्मिला), कैलाश साहू (आर्य सुमंत), मुकेश विश्वकर्मा (कुलगुरु वशिष्ठ) बेनी प्रसाद बरहेया (मंथरा), पुरवासियों में बृजेश चौरसिया, देवांश मालवीय हर्ष चौरसिया, वंश सहित अन्य कलाकारों ने संजीव एवं जीवंत अभिनय किया।

## कलेक्टर के प्रयासों को जनप्रतिनिधियों के अलावा शामिल प्रतियोगियों ने भी सराहा

# यूपी के सतीश 21 किमी, तामिया की गीता 11 किमी मैराथन स्पर्धा में रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज तामिया में पहली बार मैराथन धावक का आयोजन किया गया! टूरिज्म बोर्ड एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तद्धावधान में आयोजित हुई इस मैराथन धावक प्रतियोगिता मैं कुल 746 प्रति भागियों का पंजीयन हुआ! जिसमें प्रतिभागी अंडमान निकोबार आंध्र प्रदेश बिहार झारखंड छत्तीसगढ़ कर्नाटक महाराष्ट्र तेलंगाना चंडीगढ़ उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों के अलावा प्रदेश के 20 जिलों के प्रतियोगी शामिल हुए! इस मैराथन का मूल उद्देश्य था! की तामिया में पर्यटन को बढ़ावा मिले! और तामिया पर्यटन के नक्शे पर उभर कर विधिवत पर्यटन में शामिल हो! इस मैराथन धावक के लिए कलेक्टर शीलेंद्र सिंह द्वारा कम समय में उनके द्वारा किए गए अथक प्रयास किए गए! जिसका नतीजा यह हुआ कि पूरी सफलता के साथ यह मैराथन धावक प्रतियोगिता का शानदार समापन हुआ!( पूर्ण संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए ) तामिया विश्राम गृह परिसर स्थल जहां से मैराथन धावक प्रतियोगिता का शुभारंभ होना था! पूर्व संध्या पर क्षेत्र के आदिवासी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम शैला नृत्य गेडी सहित लोक संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किए गए! (सुबह से ही जुंबा नृत्य सहित मंच पर कार्यक्रम गीत संगीत से बनाया माहौल)

### मैराथन धावक प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व मंच पर रही गीत संगीत की धूम





नृत्य के साथ-साथ गीत संगीत के माहौल से प्रतियोगियों को वार्म अप करवाया गया! एवं मनोरंजन के साथ-साथ कलाकारों ने रंगा रंग प्रस्तुति पश कर माहौल निर्मित किया!( हरी झंडी दिखलाकर हुई मैराथन शुरूआत ) सुबह निश्चित 7:45 पर मैराथन प्रतियोगिता का कलेक्टर द्वारा हरी झंडी दिखलाकर शुभारंभ किया गया! 21 किलोमीटर दूरी की इस मैराथन के लिए प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई थी!तामिया से लेकर कुआं बदला टोल तक स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एम्बुलेंस एवं जगह अपनी एनर्जिक ड्रिंक स्टाल लगाए गए थे।

### कलेक्टर ने फिनिश सेंटर पर की अगवानी

इस मैराथन प्रतियोगिता में 21 किलोमीटर की मैराथन में प्रथम आने वाले धावकों की फिनिश सेंटर पर अगवानी की गई! जिसमें प्रथम आने वाले सतीश वर्मा भदोही उत्तर प्रदेश ने एक घंटा 6 मिनट में निश्चित दूरी तय कर प्रथम स्थान प्राप्त किया! जिसका कलेक्टर द्वारा स्वागत किया गया! और विजेता होने पर धावक के पास पहुंचकर बधाई दी!वहीं दूसरे 11 किलोमीटर मैराथन की प्रथम तामिया तहसील के दुलनिया की गीता भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया! इनको भी कलेक्टर फिनिश सेंटर पर स्वागत कर विजय होने पर बधाई दी।

### प्रशासनिक व्यवस्था से प्रसन्न रहे प्रतियोगी

आज इस मैराथन में कलेक्टर के प्रयासों से जहां सफलता मिली वहीं प्रशासन के अधिकारी भी इस प्रतियोगिता को सफल बनाने समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी जी जान से जुटे रहे!इस कारण यह मैराथन सफलता के साथ संपन्न हुई(

### आयोजकों की लापरवाही भी आई सामने

इस पूरी मैराथन प्रतियोगिता में जहां पर सभी धावको को तामिया मैराथन के प्रतियोगि नंबर वाली शर्ट दी गई! लेकिन जब 21 किलोमीटर की दूरी तय करने वाले भदोही के सतीश वर्मा जो पसीने से लथपथ होने के कारण उनकी टी-शर्ट गीली हो गई! तो उन्हें सिंबॉलिक टी-शर्ट नहीं दे पाये!जिस कारण लोग प्रथम विजेता को पहचानने में परेशानी महसूस करते रहे! और वो.अपनी काली टी-शर्ट में ही पत्रकारों से चर्चा करते रहे! लेकिन इतनी बड़ी प्रतियोगिता के प्रथम आने वाले प्रतियोगी को टी-शर्ट दोबारा नहीं मिलने संबंधी जब लोगों ने शिकायत की तब आयोजन कर्ता का ध्यान गया? और उन्होंने -आनन फानन में उन्हें टी-शर्ट उपलब्ध करवाई।

### समापन अवसर पर एसपी ने कार्यक्रम की मंच से की सराहना

सफलता पूर्वक हुए इस मैराथन कार्यक्रम के अंत में मंच से पूर्व विधायक नथन शा महापौर विक्रम अहके ने संबोधन में इतने कम समय में इतना बड़ा सफल आयोजन कराने पर कलेक्टर को धन्यवाद मंच से दिया! वहीं पुलिस अधीक्षक ने इस कार्यक्रम की जमकर तारीफ की और यहां के आयोजन के लिए कलेक्टर के किए गए प्रयास एवं मेहनत का ही परिणाम इस सफल कार्यक्रम का होना बतलाया।



### पुरस्कार वितरण : 21 किमी में यूपी के धावकों ने बाजी मारी

तामिया मैराथन में तीन कैटेगरी 21, 11 और 05 किमी के लिए महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए अलग - अलग प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता घोषित किए गए। 21 कि.मी. मैराथन में उम्मीद से कहीं अधिक 350 धावकों ने भाग लिया, जिनमें 40 महिला धावक भी शामिल थीं। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के सतीश वर्मा ने और महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश के कानपुर की याशी सचान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का मुकाम हासिल किया। जिसके लिए दोनों धावकों को 31 - 31 हजार रुपए की पुरस्कार राशि के चेक प्रदाय किए गए। इसी तरह उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के धीरज यादव और भोपाल की प्राची वडियार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 21 - 21 हजार रुपए की राशि प्राप्त की। सतना के अभिषेक सोनी और तामिया की माधुरी नर्रे ने तृतीय स्थान हासिल कर 11 - 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्राप्त की। 11 कि.मी. दौड़ में गगन साहू और गीता भारती ने प्रथम स्थान, देवकीनन्दन ने द्वितीय एवं मनोज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 05 किमी दौड़ में अरुण धुर्वे और बिंदिया परतेती ने प्रथम, अजेश और अंकिता ने द्वितीय एवं हिमांशु और गिरिजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 5 कि.मी. और 11 कि.मी. के विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



### रिमझिम फुहारों के बीच हरी झंडी दिखाते ही दौड़े धावक

कार्यक्रम में सबसे पहले 21 कि.मी. की मैराथन की शुरुआत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से की गई। जिसके थोड़े अंतराल के बाद क्रमशः 11 और 05 किमी की दौड़ शुरू हुई। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय, नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर श्री विक्रम अहके, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, दिल्ली से आदि कर्मयोगी अभियान की समीक्षा के लिए छिंदवाड़ा पहुंचीं एन.ई.एस.टी.एस. की असिस्टेंट कमिश्नर श्रीमती रश्मि चौधरी, पूर्व विधायक श्री नत्थन शाह कवरेती, जनपद अध्यक्ष श्रीमती तुलसा परतेती, जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण और जिला खेल अधिकारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया और मैराथन की शुरुआत की। 21 किमी की मैराथन पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस से प्रारंभ होकर टोल प्लाजा, कुआं बादला मार्ग से होकर पुनः पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर समाप्त हुई।

### सरप्राइज गिफ्ट भी दिए गए

तामिया मैराथन में कुछ सरप्राइस गिफ्ट भी रखे गए थे। 5 किमी दौड़ को पूरा करने वाले सबसे कम उम्र 8 वर्ष के प्रतिभागी प्रयानउट्टी और सबसे अधिक उम्र के पुरुष प्रतिभागी 72 वर्षीय श्री एस. बी. सोनटके को व महिला प्रतिभागी 65 वर्षीय विशाखा सोनटके को सरप्राइस गिफ्ट प्रदाय किए गए। इसी तरह 21 किमी मैराथन में सबसे कम उम्र 16 वर्षीय धावक गीतेश इड़पाची को सरप्राइस गिफ्ट दिया गया।

### महापौर ने कहा ऐतिहासिक आयोजन

मैराथन के समापन अवसर पर नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके ने कहा कि आज तामिया मैराथन का तिहासिक आगाज हुआ है। घाटियों में होने वाली संभवतः यह प्रदेश की पहली मैराथन होगी। पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय ने कम समय और सीमित संसाधनों में भी इतनी खूबसूरत जगह पर इतने बेहतर एवं व्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर श्री सिंह एवं जिला प्रशासन की पूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी। सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की उसके लिए धन्यवाद दिया।

## उपन्यासकार चंद्रभान राही के मुख्य आतिथ्य में हुआ काव्यनिशा का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** सुप्रिसिध्द कहानीकार श्री गोवर्धन यादव जी द्वारा उनके कावेरी नगर स्थित निज आवास पर भोपाल से पधारे मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी से पुरुष्कृत बेस्ट सेलर लेखक ,हिंदी साहित्य जगत के श्रेष्ठ कृतिकार चंद्रभान राही के आत्मीय स्वागत के साथ उनके मुख्य आथित्य में काव्यनिशा का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमे उनकी उम्दा गजलों का श्रवण किया गया । गोवर्धन यादव ने अपनी चार लघुकथाओं-चिंता की मकड़ी, पिता की सीख,तेल की चोरी एवं छोटी सी चिड़िया का वाचन किया। आयेजन का शुभारंभ श्रीमती अनुराधा तिवारी की सरस्वती वंदना से हुआ। दिनेश भट्ट द्वारा व्यंग्य कहानीगोमती का बसेरा और ईश्वर का वाचन किया गया । रोहित रूसिया ने अपने चिर परिचित अंदाज में गीत एक पंछी ढूंढ़ता है फिर बसेरा गाया। आंचलिक साहित्यकार परिषद के सचिव रामलाल सराठे ने देश की व्यवस्था पर प्रहार करते हुए अपनी रचना यूं पढ़ा कि -भूले से भी मत आना भारत में कृष्ण- कन्हैया । कवि ओम प्रकाश 'नयन' ने विपत्ति शीर्षक से रचना पढ़ते हुए खूब तालियाँ बटोरी ,रचना कुछ यूँ थी कि ₹वे आती हैं तो कांपता है दिल, थरथराता है तन ,भय से सिमट जाते हैं हम। मोहिता मुकेश कमलेंदु ने बेटी की महत्वता को दर्शाते हुए यूं अपनी रचना सुनाई कि प्रकृति न होती तो,सुंदर जीवन पाता कौन । नारी न होती तो,नर को जन्म देता कौन । अनुराधा तिवारी ने भगवान राम का गुणगान करते हुए रचना प्रस्तुत की कि ₹शक्ति के स्वरूप राम ,मर्यादा के श्रीराम ,राम के गुण सदा ही गाइये ₹ । राजेन्द्र यादव ने पिता कहाँ कुछ कह पाता है वर्तमान परिवेश पर आधारित रचना के प्रस्तुतीकरण के साथ ही साथ मंच संचालन भी किया । अंत में राष्ट्र भाषा प्रचार समिति के जिला संयोजक गोवेर्धन यादव ने आभार प्रदर्शन किया।



## अवैध धंधों पर अंकुश लगाने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा की ग्राम पंचायत अंबाड़ा पुलिस चौकी अंतर्गत जारी अवैध धंधों पर अंकुश लगाने के लिए कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक (एस पी) के नाम ज्ञापन सौंपा है । ज्ञापन से पूर्व कोंग्रेसियों ने विधायक सोहन वाल्मीकि के नेतृत्व में रैली निकाली । पैदल मार्च करते हुए पुलिस चौकी पहुंचे । इस दौरान पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई ।गौरतलब है , कि बीते बुधवार 24 सितम्बर की रात्रि में अंबाड़ा के मुआरी में बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में अवैध रूप से कोयला निकालने के दौरान दो युवकों उबैद और हातिम खान नामक युवकों की मौत हो गई थी और मुकेश नामक युवक गंभीर घायल हुआ था । इस घटना ने क्षेत्र में जारी अवैध धंधों की कलई खोलकर रख दी है । घटना के बाद से ही कांग्रेस शासन प्रशासन पर हमलावर है ।इस मामले में कांग्रेस विधायक सोहन वाल्मीकि का कहना है , कि सत्ता और प्रशासन के संरक्षण में क्षेत्र कोयला उत्खनन , रेत परिवहन , सट्टा , अवैध शराब के धंधे बेखौफ चल रहे हैं । जो दुखद घटना बीते बुधवार को हुई ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसलिए अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगना जरूरी है ।

# ठेका कर्मचारी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपने वाले अधिकारी भी रडार पर

## नगर निगम के रसीद घोटाले पर चल रही जांच, पांच लाख हुए जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वैसे तो नगर निगम भ्रष्टाचार का गढ़ है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। घोटाले भी ऐसे है कि जांच अधिकारी भी जांच को आर्थिक लेन देन कर प्रभावित कर देते हैं। इस बात की पुष्टि के लिए कई ऐसे उदाहरण है जो नगर निगम के भ्रष्टाचार को उजागर तो होते देखा है परंतु कार्यवाही के नाम पर सिर्फ लीपापोती ही की जाती रही है। नगर निगम का रसीद घोटाला मामला भी समय के साथ साथ लीपापोती कर दफन किएजाने की पूरी संभावना है। फिर भी जांच के लिए जो समिति तैयार की गई है और जो पैमाने तैयार किए गए है। उस पर लीपापोती करना आसान नहीं होगा। चार कर्मचारियों के अलावा भी ऐसे कई कर्मचारी है जो जांच एजेंसियों के रडार पर है।

सबसे बड़ी बात यह है कि ठेका कर्मचारियों को कैश काउंटर की जवाबदारी किसने सौंपी है। जबकि कई ठेका कर्मचारियों के शैक्षणिक दस्तावेज और नियुक्ति पत्र भी निगम के पास नहीं रहते है। ऐसा निगम के अधिकारी अनिल मालवी द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी में बताया गया है।

एक अप्रैल 2025 से अब तक की जांच के आधार पर जो घोटाला सामने आया है उसमें स्टोर के अधिकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका है। जबकि इस विभाग में गजब की सेटिंग से लोग बैठे है। ऊपर से नीचे तक का पूरा खांका ही भ्रष्टाचार में ही लिप्त है। इनकी नियुक्ति से लेकर कार्यकाल को अगर जांच के दायरे में लाया जाए तो निश्चित रूप से नगर निगम के लिए यह एक बड़ा घोटाला होगा। इस घोटाले ने यह साबित कर दिया है कि घोटाला होने के बाद भी जब पांच लाख रूपए की राशि निगम के खाते में जमा की गई तो यह तो साबित हो गया कि चोरी की गई है और चोरी का माल वापस कर देने से कर्मचारियों को माफ कर देना उचित होगा। एफआईआर कर बर्खास्त करने जैसी कठोर कार्रवाई अगर निगम में नहीं की गई तो इस तरह के घोटाले निरंतर होते रहेंगे।

आवश्यकता इस बात की है कि आयुक्त इस बात को लेकर कितने सख्त होते है। अगर इस तरह के दो चार मामलों में बड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो निश्चित रूप से यह माना जाएगा कि बड़े अधिकारियों की शह पर इस तरह के घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है और जनता को जलकर और सम्पत्ति कर को बढ़ाकर जो वित्तीय भार दिया जा रहा है उसे निगम के कर्मचारी मिलकर लूट रहे है।

# 1120 लोगों ने लिया मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार का लाभ

## चौरई नगर में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे सांसद बंटी साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिले के यशस्वी सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य अभियान के अंतर्गत चौरई नगर में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सांसद का नगर के विभिन्न स्थानों पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वार पर स्कूली छात्राओं ने पुष्पवर्षा कर एवं तिलक लगाकर सांसद का अभिनंदन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद साहू, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, बंटी नीरज पटेल और शैलेन्द्र बब्लू पटेल द्वारा भारत माता की प्रतिमा पर तिलक, पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन कर किया गया।सेवा संकल्प और स्वास्थ्य जागरूकताप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन तक चल रहे 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य अभियान के तहत यह शिविर आयोजित हुआ। बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण स्वास्थ्य परीक्षण कराने पहुंचे सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा, "स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। प्रधानमंत्री मोदी जी के 'सेवा ही संगठन' संकल्प को पूरा करने में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अहम भूमिका निभा रहे हैं।"उन्होंने सिकल सेल्स और टीबी मुक्त भारत की मुहिम की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया।जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थितिशिविर में पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय आदि मौजूद रहे।

## प्रतिदिन नवाचारों के साथ श्रीरामलीला का छोटी बाजार में हो रहा मंचन

# पवनपुत्र हनुमान ने लंका दहन करके तोड़ दिया रावण का घमंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



दिन प्रतिदिन नवाचारों के साथ श्रीरामलीला का मंचन छोटी बाजार में हो रहा है। मंडल के उपाध्यक्ष मयंक चौरसिया ने बताया कि श्रीराम से मित्रता के उपरांत सुग्रीव ने अपनी सम्पूर्ण सेना माता जानकी की खोज में भेज देते है परन्तु दक्षिण के समुद्र को लांग पाना किसी के लिए सम्भव नही हो पाता तब जामवंत जी हनुमानजी को उनकी शक्ति का बोध कराते है।

हनुमानजी वायु मार्ग से लंका के द्वार पर पहुँचते है जहाँ लंकनी का उद्धार करते है। विभीषण जी हनुमान जी को माता जानकी का पता बताते है तब हनुमानजी अशोक वाटिका में छिपकर रावण एवं जानकी के वार्तालाप को सुनते है एवं रावण के जाने के बाद जानकी जी एवं हनुमानजी की वार्तालाप होती है जिसमे हनुमानजी श्रीराम का संदेश बताते है कि श्रीराम शीघ्र ही उन्हें उस बंधन से मुक्त करवाएंगे। जानकी जी की आज्ञा से हनुमानजी वाटिका के फल खाने लगते है वहाँ उपस्थित जम्बू माली से युद्ध होता है, हनुमानजी जम्बू माली का वध करते है। रावण को इस घटना की सूचना मिलती है तब वह अपने पुत्र अक्षय कुमार को पहुँचाता है । अक्षय कुमार से युद्ध कर हनुमानजी उसका भी वध करते है। अंत मे रावण का पुत्र मेघनाथ युद्ध के लिए आता है और हनुमानजी को ब्रम्ह अस्त्र का प्रयोग कर बंधी बना कर रावण के समक्ष प्रस्तुत करता है। रावण सभा में हनुमानजी के वध करने का आदेश देता है जिस पर विभीषण रोक कर कहते है कि दूत का वध करना नीति विरुद्ध है अतएव फिर रावण हनुमानजी की पूछ में आग लगाने आदेश देता है परन्तु हनुमानजी विभीषण के महल को छोड़कर सम्पूर्ण लंका में आग लगा देते है। मडंल के सचिव राजेंद्र आचार्य ने बताया कि इस वर्ष की आकर्षक प्रकाश व्यवस्था समिति द्वारा महानगरों की तर्ज पर की गई है। जिसकी जिम्मेदारी राजकुमार चौरसिया सम्भाले हुए है। संरक्षक विनोद विश्वकर्मा ने बताया कि रामभोग के सहयोग के लिए प्रतिदिन सहयोगी आगे आ रहे है । मंडल के द्वारा प्रतिदिन अपील की जा रही है कि त्यौहार की सामग्री का क्रय स्थानीय व्यवसायी से ही करे।

### ये रहे लीला के कलाकार

सहनिर्देशक श्रांत चंदेल ने जानकारी दी कि श्रीराम : रजत पाण्डेय, लक्ष्मण : आयुष शुक्ला, सीता : प्रज्ञांश शुक्ला हनुमान : संतोष कुशवाह, जामवंत : कपिल विश्वकर्मा, रावण : जितेंद्र सोनी , मेघनाथ : मयंक चौरसिया विभीषण : नीरज चौरसिया, अक्षय कुमार : रुद्रांश राजपूत जम्बू माली : आकाश सोलंकी ने भूमिकाएं निभाई।

## भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत नवरात्रि पर्व पर प्रेरणादायक आयोजन



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को नवरात्रि के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक महत्व से अवगत कराया गया।वक्ताओं ने कहा कि नवरात्रि केवल देवी उपासना का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्मबल, अनुशासन, साधना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। भारतीय ज्ञान परंपरा में मां दुर्गा को विद्या, शक्ति और प्रेरणा की अधिष्ठात्री माना गया है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में परिश्रम, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और 'शक्ति, साधना और सफलता' विषय पर विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास तथा जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दिलीप गोहे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने कहा कि नवरात्रि हमें यह शिक्षा देती है कि कठिनाइयों से जूझकर ही विजय प्राप्त होती है, वहीं अध्यक्ष दिलीप गोहे ने विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा और क्षमता का सदुपयोग कर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान हेतु कार्य करने का आह्वान किया।

## 100 दिन सेवा के अंतर्गत नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 30 को

**जुन्नारदेव।** 100 दिन सेवा के अंतर्गत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर जुन्नारदेव नगर मुख्यालय से सटी हुई ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला की देवस्थलीय पहली पायरी जुन्नारदेव विशाला में 30 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले के लोकप्रिय सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 सितंबर तक किया जा रहा है। शिविर में सभी प्रकार के ऑपरेशन नि:शुल्क किए जाएंगे, सभी प्रकार की बीमारियों का नि:शुल्क उपचार, दवाईयाँ एवं पैथालॉजी की सभी जाँचें नि:शुल्क होंगी। किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी जैसे कैंसर, हाइड्रोसिल, हर्निया, गॉल ब्लैडर में स्टोन, बच्चेदानी के ऑपरेशन, पाइल्स के ऑपरेशन एवं सभी प्रकार की सर्जरी को चिन्हित कर नि:शुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में 30 सितंबर को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। भाजपा नगर मंडल क्षेत्र की जनता जनार्दन से शिविर का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## समीक्षा बैठक में खुली कमजोर व्यवस्था की पोल

# शालाओं में पानी नहीं, भवन जर्जर तो कहीं परिणाम घटिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा ली गई शालेय समीक्षा बैठक में जिले के अनेक शालाओं में खामियां होना उजागर हुआ है। ज्ञात हो कलेक्टर महोदय ने गत दिनों हाइस्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के सतत निरीक्षण हेतु एसडीएम, तहसीलदार, तथा ना. तहसीलदार एवं विभिन्न अधिकारियों को पूर्व में आदेशित किया था।

इस संबंध में संपन्न हुई समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियां ने शाला निरीक्षण उपरांत अपनी निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें सामने आया कि ग्राम मारूड की हायर सेकंडरी शाला में कक्षों की संख्या अपर्याप्त होने से दो कक्षाएं अन्य विद्यालयों में संचालित की जा रही है। ग्राम तिगांव की एकीकृत संजय गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित हैंडवाश और पेयजल व्यवस्था पूरी तरह बंद पडी है। वहीं ग्राम सिराठा एवं चांगोबा की हायर सेकंडरी शालाओं का भवन जर्जर स्थिति में पाया गया।

इसी प्रकार ग्राम कोपरावाडी तह. सौंसर की शाला में लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास एवं प्रयोशाला एक ही कक्ष में संचालित होना तथा ग्राम बिछुआ बग्गू की शाला में विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर कमजोर पाया गया। शा. उमावि रामाकोना, उमावि बिछुआ बग्गू, हायस्कूल सावरगांव, उमावि कामठीकला, नगरपालिका उमावि पांढुर्ना तथा उमावि राजना का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष की तुलना में घटिया रहा है। निरीक्षणकर्ताओं ने जानकारी दी कि सिराठा, चांगोबा, खेडिकल, तिगांव, लांघा, सांदीपनी विद्यालय (सौंसर) एवं मारूड की शालाओं में अध्यापन कार्य एवं समस्त गतिविधियां अच्छे से संचालित होने से परीक्षा परिणाम बेहतर प्राप्त हो रहे है।

## पैसा एक्ट को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**बिछुआ।** जनपद पंचायत बिछुआ अंतर्गत ग्राम गुलसी में पैसा एक्ट को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया,जिसमें ग्रामीणों को पैसा एक्ट को लेकर जागरूक किया गया एवं फायदे बताए गए,ब्लॉक समन्वयक शुभम धुर्वे एवं सरपंच आनेत बन ने विस्तृत रूप से पैसा एक्ट की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की,एवं शासन की योजनाओं के बारे जानकारी दी गई,एवं तेंदू पत्ता संग्रहण के संबंध में विशेष चर्चा हुई। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम सरपंच आनेत बन,ब्लॉक समन्वयक शुभम धुर्वे समेत ग्राम वासी व अधिकारी उपस्थित रहें।

## किशोर न्याय अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के संबंध में एक दिवसीय शाला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**छिंदवाड़ा।** किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के प्रावधानों से अवगत कराने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं डी पी ओ ब्रजेश शिवहरे के मार्ग दर्शन मे अमरवाड़ा विकास खंड के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगोड़ी मे किया गया ।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ने प्रशिक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया की जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की वस्तु स्थिति , मिशन वत्सल योजना, के अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ मे देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कोविद-19 बाल सेवा योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कोई निसंतान दंपति यदि बच्चा गोद लेना चाहता है तो उसके संबंध में कारा मे पंजीकरण कर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई नि संतान दंपति बच्चा गोद ले सकता है । वही वन स्टॉप सेंटर में समस्त प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं मे आश्रय, विधिक , पुलिस, परामर्श, एवं चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाती है । राष्ट्रीय बाल अधिकार द्वारा बालको के विशेष चार अधिकारो , किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के प्रावधानों, बाल कल्याण समिति की कार्यवाहियों तथा किशोर न्याय बोर्ड की कार्यवाहीयों मे बालक की देखरेख एवं संरक्षण की श्रेणी तथा विधि का उल्लंघन करने वाली के श्रेणी , लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के बारे 18 वर्ष से कम आयु के बालक बालिकाओं को लैंगिक शोषण से बचाने संबंधी विभिन्न प्रावधानों एव अपराध पर मिलने वाली सजा से अवगत कराया गया। आयोजन को सफल बनाने मे प्राचार्य बी एस सीलू शिक्षक संजय सिन्हा, नरेश साहू, प्रीति यदुवंशी ,रेखा ऊईके,आदी का सराहनीय सहयोग रहा ।



## निगम ने किया स्वच्छ स्ट्रीट प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 से 2 अक्टूबर तक नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा निगम महापौर विक्रम अहके एवंआयुक्त चंद्रप्रकाश राय के कुशल मार्ग दर्शन में स्वच्छता ही सेवा ही पखवाड़ा मनाया जा रहा है।जिसके दसवें दिवस नगर के वार्ड नंबर 32 दशहरा मैदान पोला ग्राउंड एवं वार्ड नंबर 26 छोटा तालाब सुभाष पार्क की चौपाटी पर लगी खाद्य दुकानों पर स्वच्छ स्ट्रीट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर, निगम से उमेश प्यासी, डॉक्टर सेवंती पटेल, अनिल लोट सहित सिद्धि विनायक बेस्ट मैनेजमेंट टीम एवं निगम स्वच्छता टीम ने दुकानदारों का इंटरव्यू लेकर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की साथ ही विविध प्रश्नोत्तर कर स्वच्छता का पाठ पढ़ाया।

इस अवसर सभी दुकानदारों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर निगम छिंदवाड़ा का साथ देकर स्वच्छता को अपनी आदत में लाने का संकल्प लिया।

## संभागीय योग प्रतियोगिता में सांदीपनी के छात्रों ने दिखाया दम



**पांढुर्ना।** गत दिनों बालाघाट में हुई संभागीय योग प्रतियोगिता में यहां के सांदीपनी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाश मोहबे एवं प्रेम तायवाडेने 19 वर्ष आयु वर्ग के आर्टिस्टिक युगल वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में अपना स्थान निश्चित किया। अंजली साहू एवं पल कौशिक ने 14 वर्ष आयु वर्ग के रितिक योग प्रदर्शन वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता में शामिल हुए।राज्यस्तरीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतियोगियों का सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य सीएस बरेठ ने मेडल प्रदानकर सत्कार किया। इस अवसर पर जिला शिक्षाधिकारी जीएस बघेल, विकासखंड क्रिडा नोडल अधिकारी खेल सिंग मरकाम तथा विकासखंड योग प्रभारी रंजना कुमरे मौजूद रही।

## बैगलेस डे- छात्राओं का थाने का कराया गया भ्रमण



### पुलिस के कार्य से रूबरू हुई छात्राएं, थाना प्रभारी ने दी बेहतर नागरिक बनने की नसीहत

हरिभूमि न्यूज कटंगी। विकासखंड मुख्यालय कटंगी के शासकीय कन्या माध्यमिक शाला की छात्राओं ने शनिवार को दोपहर साढ़े 12 बजे थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया. इस दौरान छात्राएं पुलिस के कार्य से रूबरू हुई और पुलिस की कार्यशैली को नजदीक से जाना. छात्राओं को लग रहा था कि पुलिस का काम केवल चोरों को पकड़ना ही है लेकिन जब वह थाने का भ्रमण करने के लिए पहुंची तो उन्हें पुलिस के कार्यों की सहीं जानकारी मिली. थाना प्रभारी धमेन्द्र कुशराम ने छात्राओं को बताया कि पुलिस का काम केवल चोरों को पकड़ना ही नहीं है बल्कि समाज में बेहतर नागरिक का निर्माण करना भी है. थाना प्रभारी ने छात्राओं को बताया कि पुलिस कानून और व्यवस्था बनाती है. जनता की जान-माल की रक्षा करती है अपराधों को रोकती और अपराधियों को पकड़ती है. अपराधियों को सजा देने का काम पुलिस का नहीं बल्कि न्यायालय का होता है जो अपराधियों को दंडित करती है. पुलिस सार्वजनिक शांति बनाने का काम करती है और यातायात को नियंत्रित करने में भी अपनी बड़ी भूमिका निभाती हैं. थाना प्रभारी ने छात्राओं से कहा कि वह अपने परिवार के सभी सदस्यों को कानून और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें. अगर घर का कोई भी सदस्य बिना हेलमेट पहने बाइक चला रहा है तो उसे ऐसा करने से रोके. थाना प्रभारी ने कहा कि खूब मेहनत कर शिक्षा अर्जित करने और अपना, अपने परिवार का और क्षेत्र का नाम रोशन करें. शिक्षा अर्जित करने से ही गरीबी का अंत होता है. इस दौरान संस्था के प्रधान पाठक एम.एल.भलावी, शिक्षिका लक्ष्मी मरावी, अनिता देशमुख, उषा मासुरकर और माध्यम पटले उपस्थित रहे. छात्राओं को थाने का भ्रमण करवाने के लिए जवाहर बाल उद्यान का भी भ्रमण करवाया गया. बता दें कि 6वीं से लेकर कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों का समग्र विकास करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रत्येक माह के एक शनिवार को बैगलेस डे का अहम निर्णय लिया है।

## अंतर्राज्यीय ओपन कैसेट डांस प्रतियोगिता नेवरगांव(ला.)में आज

### बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी ,युवा समाजसेवी अनुराग चतुरमोहता रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नेवरगांव(ला.)स्थित बाजार चौक में माँ शारदेय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में अपने आयोजन के सफलतम 10 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं फायर क्लब के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराज्जीय ओपन केसेट डांस(एकल,युगल,सामूहिक) प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।आयोजन सम्बंधी जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष मनीष पंचेश्वर एवं कार्यक्रम संयोजक अरुण तेलकर ने बताया कि माँ शारदेय नवरात्रि पर्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नृत्य के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को निखारने की मंशा लिए और ग्रामीणजनों एवं क्षेत्रीयजनों के रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु यह आयोजन रखा गया है।श्री पंचेश्वर ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता आज रात्रि 8 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 251 रुपये एवं समूह नृत्य (ग्रुप डांस) प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रुपये,द्वितीय पुरस्कार 12000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 6000 रुपये रखा गया है,साथ एकल नृत्य (सोलो) प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5000 रुपये,द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 2000 रुपये रखा गया है।यह आयोजन बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्यातिथ्य,युवा समाज सेवी अनुराग चतुरमोहता,जनपद पंचायत लालबर्रा उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल एवं भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया के प्रमुख आतिथ्य,ग्राम पंचायत नेवरगांव(ला.)सरपंच संतोष पंचेश्वर की अध्यक्षता,वन समिति सभापति जनपद पंचायत लालबर्रा धनेंद्र भलावी,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव(ला.)प्राचार्य आर.के कटरे,शासकीय माध्यमिक शाला नेवरगांव(ला.)प्रधानाध्यापक श्रीमती निर्मला मसराम,उच्च माध्यमिक शिक्षक राधेश्याम ठाकरे,ग्राम पंचायत बांदरी सरपंच व्यंकट राहंगडाले,उच्च श्रेणी शिक्षक डी.के.खैरवार,ग्राम पंचयात रानीकुठार पूर्व सरपंच विनोद ठाकरे,सेवा सहकारी समिति नेवरगांव(ला.)प्रबंधक एम.पी.ठाकरे,ग्राम पंचायत बगदेही पूर्व सरपंच ठानेंद्र ठाकरे,ग्राम पंचायत नेवरगांव(ला.)पूर्व सरपंच श्रीमती पुष्पा दुर्गाप्रसाद टेम्भरे,ग्राम पंचायत नेवरगांव(ला.)उप सरपंच देवी प्रसाद नागेश्वर,ग्राम पंचायत रामपुरी सरपंच संजय नगपुरे विशेष आतिथ्य में किया जाएगा।

## सैकड़ों की तादाद में पहुंचे किसान, सरकार को याद दिलाया वादा

# किसान आक्रोश महासभा में जमकर गरजे अन्नदाता किसान

### जय किसान संघर्ष समिति लांजी द्वारा किया गया आयोजन





हरिभूमि न्यूज लांजी।

भिलाई रोड में स्थित सिद्धेश्वर मंगल भवन में 27 सितंबर को जय किसान संघर्ष समिति के द्वारा किसान आक्रोश महासभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लांजी तथा इससे लगे ग्रामीण क्षेत्र के अन्नदाता किसान उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं रखीं। कार्यक्रम में उपस्थित जिले से लेकर तहसील क्षेत्र के कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों ने सरकार को किसानों से किया वादा याद दिलाते हुए किसानों के साथ दुव्यर्वहार और धोखेबाजी करने के आरोप लगाए। सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम में अपनी-अपनी बातें रखीं और सरकार से मांग की कि किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए। जय किसान संघर्ष समिति लांजी द्वारा किसानों के हित में 12 बिंदुओं के तहत मध्य प्रदेश सरकार से मांग की गई है जिनमें धान का समर्थन मूल्य 4000/- प्रति क्विंटल की दर से किये जाने, प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि 25000/- प्रति हेक्टेयर किसानों देने, पूंजीपतियों की तरह किसानों का संपूर्ण कर्जा माफ करने, कृषि कार्य को मनरेगा योजना से जोडऩे, कृषि से संबंधित कार्य को प्रदूषण के दायरे से बाहर रखे जाने, वनांचल ग्रामों में वन्य प्राणी जैसे बंदर, सूअर द्वारा फसलों को पहुंचाई गई क्षति की राशि प्रदान की जाए। वर्ष 80-90 के दशक में सिंचाई को सुदृढ़ बनाने हेतु रानी डोह बांध का सर्वे कार्य हुआ था जो पूर्ण ना हो सका किसानों के हित में पूर्ण में किए गए सर्वे के आधार पर सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी जावे व अन्य मांगे शामिल है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अगर सरकार इस मांग को जल्द पूरा नहीं करती है, तो उनके द्वारा पूरे जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### किसानों और लाडली बहनो को खैरात दे रही सरकारः सम्राट सरस्वार

किसान आक्रोश महासभा में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों और लाडली बहनों के साथ सिर्फ दिखावा कर रही है सरकार इन्हें इनके मेहनत का नहीं सिर्फ खैरात का रुपया दे रही है। मध्य प्रदेश सरकार सिर्फ किसानों और लाडली बहनाओं को बेवकूफ बनाने का कार्य कर रही है। सरकार सहयोग नहीं कर रही बल्कि आदतें बिगाड़ रही है आपको बता दें कि हमारे बालाघाट जिले में लाडली बहनो 52 करोड रुपए हर माह जा रहा है। यह बहुत बड़ी गंभीर बात है वैसे तो हर परिवार को पैसे की जरूरत है परंतु सरकार जो 1250/- रूपये दे रही है इसमें एक परिवार की समस्या दूर नहीं होती है। सिर्फ बालाघाट जिले में सरकार 52 करोड रुपए महीना लाडली बहनों को दे रही है तो साल भर का 600 करोड रुपए। अगर सरकार की सोच स्वाभिमान बनाने की रहती तो सरकार जिले के हर विकासखंड में एक इंडस्ट्रीज डालती और वहां पर आप लोगों के बच्चे 20 से 25000/-रूपये महीना कमाते और आपका परिवार आगे बढ़ता।

### वादे टूटने से और गहरे हो गए जख्म और किसान सड़क पर उतरने को मजबूर हो गएः ज्योति ईश्वर उमरे

सिद्धेश्वर मंगल भवन में आयोजित किसान आक्रोश महासभा में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे ने मंच संभाला और अपने भाषण की शुरूआत भी बड़े अलग अंदाज में शेरो शायरी और कविताओं के माध्यम से करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को सरकार की नीतियों और विफलताओं पर सोचने के लिये मजबूर कर दिया है। भाषण की शुरूआत करते हुए उन्होने कहा जो भगवान का सौदा करता है वह इंसान की कीमत क्या जाने, जो धान की कीमत दे ना सका वह किसान की कीमत क्या जाने। इसके पश्चात उन्होने प्रदेश सरकार के खिलाफ तंज कसते हुए कहा कि हम किसानों ने इतनी मेहनत की है, लेकिन सरकार ने हमेशा वादा करके किसानों के साथ सिर्फ अपमान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार ने अपनी सरकार काबिज करने के लिए किसानों के साथ बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन अपने किये कोई भी वादे पूरे नहीं किए। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य देने का वादा किया था, साथ ही 900 रुपये बोनस देने की बात कही थी। लेकिन आज किसान अपने धान को कम दामों में बेचने को मजबूर हैं।

### राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा गया ज्ञापन

किसान आक्रोश महासभा के अंत में किसान संघर्ष समिति के सभी जनप्रतिनिधियों एवं किसानों ने अपनी मांगों को लेकर माननीय राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है की वर्तमान सरकार के द्वारा संकल्प पत्र चुनावी घोषणा पत्र में किसानों के लिए घोषणा की गई थी, लेकिन सरकार अपने किये गये सारे वादों से मुकर गई और किसानों से छलावा करते हुए अब तक किसानों के हित में कोई कार्य नहीं किया है जिससे प्रदेश के सभी अन्नदाता किसान सरकार खिलाफ आक्रोशित हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, जिपं. सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे, जिपं. सदस्य सुश्री डाली कावरे, कांग्रेस किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भूरू पटेल, जिपं. सदस्य मीरा सिंघनधुपे, जपं. सदस्य एवं सभापति दिनेश लाड़े, मानिक पांचे, बुधराम देवगड़े, क्षत्रपाल कबीरे, ललित कबीरे, ऋषिकेश घोरमारे, युवराज पटले सभापति, श्यामलाल बेदरे जपं. सदस्य, भानेगांव सरपंच राम ठाकरे, परसवाड़ा सरपंच विजय लिल्हारे, बापड़ी सरपंच खेमराम मछिरके, टेकरी सरपंच प्रभुदयाल किरमे, खांडफरी सरपंच राजू सैयाम, पूर्वाटोला सरपंच गणेश बागड़े, सांवरीखुर्द सरपंच किशोरीलाल पांचे, मोहझरी उपसरपंच श्रीमती रीता रावते सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उकवा में गुस्साए कांग्रेसियों ने फूंका मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला

हरिभूमि न्यूज उकवा।



कांग्रेस पार्टी उकवा के कांग्रेसियों ने नारे लगाकर जताया विरोध । भारतीय जनता पार्टी के नगरीय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने बयान में कहा कि हम पुरानी संस्कृति के लोग हैं हम अपनी बहनों के ससुराल में पानी तक नहीं पीते और हमारे प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी बीच चौराहे पर अपनी बहन प्रियंका को चुंबन करते हैं इनमें कोई संस्कार नहीं है यह विदेशी संस्कृति के विदेश में पढ़े लिखे लोग हैं इसमें इनकी गलती नहीं है ।मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इसी बयान से आक्रोशित कांग्रेसियों ने शुक्रवार को बस स्टैंड उकवा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कैलाश विजयवर्गीय मुर्दाबाद के नारे लगाए उकवा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आग बुझाया गया । कांग्रेसी प्रदर्शनकारीयो मे कांग्रेस मंडल उकवा के अध्यक्ष अनुज चौकसे पूर्व मंडल अध्यक्ष छैया पटले अशोक उईके आकाश अग्रवाल लकी चौकसे युवा कांग्रेस अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप चौकसे रहीम खान सुजीत क्षत्रिय जमुना बिसेन तारा कटरे।


छिंदवाड़ा मार्ग धर्मकांटा के सामने





शनि मंदिर में विराजित मां बूढ़ी माता


मां दुर्गा मंडप अपर बैनगंगा कॉलोनी में विराजित मां भवानी

## टीम आरंभ ने अपने गरबा महोत्सव के पहले दिन को भक्ति, उल्लास और यादगार पलों से भरपूर बनाया




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** टीम आरंभ ने अपने गरबा महोत्सव के पहले दिन को भक्ति, उल्लास और यादगार पलों से भरपूर बनाया। इस खास अवसर पर उन्होंने केवल उत्सव नहीं मनाया, बल्कि समाज सेवा का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। उन्होंने आशादीप स्कूल के उन विशेष बच्चों के लिए डिनर और उपहारों का आयोजन किया जो देख या सुन नहीं सकते। यह सेवा कार्य न सिर्फ उन बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के दिल को भी छू गया। टीम आरंभ का यह कदम यह दर्शाता है कि सच्चा उत्सव वही है जिसमें सभी को साथ लेकर चलने की भावना हो।




बिंझावाडा में विराजित मां भवानी


वन विभाग कॉलोनी के समाने ज्यारत नाका


खैर माई मंदिर –सोनखार



# प्रतिदिन हो रही बारिश के बाद भी भक्तों का प्रतिमा दर्शन के लिए उमड़ रहा जन सैलाब, नवरात्रि पर्व पर मंडपों में छाई रौनक

### मातारानी की प्रतिमाएं बन रही जनाकर्षण का केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** तप और उपासना का पर्व नवरात्रि के बीते 5 दिन हो चुके हैं। इस वर्ष इस त्यौहार की छटा अन्य वर्षों की तुलना में अलग हटकर है। लोग शाम को जब देवी दर्शन के लिये निकलने वाले होते हैं, इसी दौरान मानसून का प्रकोप उनके इस कार्य में अवरोध पैदा कर रहा है। यह नहीं कहा जा सकता कि सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों ने मंडपों की सज्जा में कोई कसर नहीं छोड़ी है, चाहे प्रतिमाएँ छोटी हों या बड़ी सभी कलाकारों ने अपनी कला से इन प्रतिमाओं को जीवंत बनाने का प्रयास किया है। वहीं मंडप सज्जा में नगर मुख्यालय के हर मंडप संस्कृति से ओत प्रोत अपनी कला बिखेर रहे हैं। वहीं रात्रि में इन मंडपों की रौनक भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करती है। वहीं इन मंडपों में आरती-पूजन एवं लौटते मानसून की बारिश के कारण ग्रामीणों ने नगर में प्रतिमाओं के दर्शन करने वालों कि कमी हो रही है। गौरतलब है कि, नगर में के 24 वार्डों में लगभग सैकडों प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं इनके अतिरिक्त ग्रामीण अंचलों में भी इस पर्व को लेकर उत्साह दोगुना देखा जा रहा है। साथ ही लोगों के उत्साह में पानी फिर रहा है। अचानक लौटते मानसून की बारिश इस त्यौहार में खलल पैदा कर रही है, जिसके चलते लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से लोग इस उत्सव में गोते लगा रहे हैं। पूरी विधि विधान के साथ सभी मंडपों में प्रथम दिवस ही प्रतिमाओं की स्थापना की गई है और नियमित रूप से पूजन आरती के कार्यक्रम जारी हैं। ग्रामीण अंचलों से भी नगर के मंडपों की सज्जा देखने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है, जिसके मद्देनजर यातायात विभाग ने किसी प्रकार की दुर्घटना न हो, जिसको लेकर मोर्चा संभाला है। वहीं दूसरी ओर भारी वाहनों को नगर के बाहर से ही आने-जाने के लिये चेतावनी दी गई है। छटवें दिन से अनेक मंडपों में भंडारों का कार्यक्रम भी प्रारंभ होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं लोगों को नगर का मुख्य आकर्षण कहा जाने वाला दशहरा पर्व को लेकर उत्सुक्ता देखी जा रही है। ज्ञातव्य है कि रामदल द्वारा विगत कई वर्षों से लंका द्वार बनाया जाता रहा है और दशहरा पर्व को आकर्षित बनाने के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस बार भी अन्य वर्षों की तुलना में इस उत्सव को नया स्वरूप देने का प्रयास एवं किया जा रहा है। वैसे राम - रावण के युद्ध रावण दहन को लेकर संबंधित जनों ने स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि पूर्व वर्षों की तरह इस वर्ष भी कार्यक्रम का स्वरूप वैसा ही होगा।

## खबर संक्षेप

### आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नवरात्रि के पावन अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिनांक 28 सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मातारानी के दरबार पर किया जायेगा । आप सभी मातारानी का आशीर्वाद एवं स्वास्थ्य लाभ लें। विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण डॉ विनोद दहायत शिशु रोग विशेषज्ञ (जिला चिकित्सालय,सिवनी)डॉ.जयंत कोठले हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ (असिस्टेंट प्रोफेसर,मेडिकल कॉलेज,सिवनी)डॉ. पुरुषोत्तम डेहरिया मानसिक रोग एवं जनरल फिजिशियन (शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छिंदवाड़ा चौक, सिवनी)डॉ. शुभम शिवहरे मेडिसिन (बीपी,शुगर)विशेषज्ञ (शिवहरे क्लीनिक,ईश्वर नगर, सिवनी) डॉ आयुषी जायसवाल शिवहरे महिला रोग विशेषज्ञ (जिला अस्पताल,सिवनी)डॉ तारेंद्र डेहरिया होम्योपैथी विशेषज्ञ निःशुल्क बी.पी.,शुगर,एवं बीएमआई जांच। संपर्क सुनील ठाकुर-7000296828 मनालाल काडे-7000711364 चिराग जैन-8085614891। पता-दुर्गा उत्सव समिति ईश्वर नगर।

### किसानों के हित में शुरू हुई भावांतर योजना

**समर्थन मूल्य से कम दाम मिलने पर मिलेगी अंतर की राशि**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रदेश सरकार ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना की घोषणा की है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाना है। यदि कोई किसान अपनी सोयाबीन फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी 5328 रुपये प्रति क्विंटल से कम कीमत पर बेचता है, तो सरकार उसकी भरपाई करेगी। योजना के तहत राज्य मंडी के औसत भाव और एमएसपी के बीच का अंतर किसानों के खाते में 15 दिन के भीतर जमा किया जाएगा। किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। भावांतर अवधि 1 नवम्बर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक रहेगी। सरकार ने किसानों को मंडी में सोयाबीन बेचने की सुविधा दी जायेगी।

### जिले में 1290.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 27 सितम्?बर 25 तक 1290.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 27 सितम्?बर 25 तक विकासखंड सिवनी में 1133.2 मि.मी, कुरई में 983 मि.मी., बरघाट में 1183.6मि.मी., केवलारी में 1610.8 मि.मी., छपारा 1141.5 मि.मी, लखनादौन में 1205.0 मिमी, धनौरा में 1213.4मिमी एवं घंसौर में 1851.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 10321.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 27 सितम्बर 24 तक कुल 11516.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## वर्थिनी कन्याओं के लिए माँ कात्यायनी की विशेष पूजा-अर्चना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

मां खैरमाई कात्यायनी मंदिर में वार षष्ठी तिथि को विवाह योग्य युवतियों के लिए विशेष पूजन-अर्चन होगा । द्वरिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा प्रतिष्ठित माँ खैरमाई कात्यायनी देवी के मंदिर में षष्ठी तिथि 28/9/2025 को प्रातः 07 बजे से विवाह बाधा निवारण हेतु विशेष अनुष्ठान पूजन-अर्चन-हवन, पंडित हर्ष दुबे द्वारा करवाया जावेगा, मंदिर समिति ने आग्रह किया कि विवाह योग्य ऐसी युवतियां जिनके विवाह में बाधा आ रही हो उन्हें इस अनुष्ठान में सम्मिलित होकर माँ कात्यायनी की सेवा पूजा करना चाहिए, उल्लेखनीय है कि श्रीमद्भागवत जी के दशम स्कंध में वर्णित है कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण जी को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कात्यायनी माता का पूजन करके श्री कृष्ण को पति रूप में प्राप्त किया था अतः विवाह योग्य युवतियों को कात्यायनी माता का पूजन अनुष्ठान अवश्य ही करना चाहिए । नवरात्रि के अवसर पर माई के भुवन में सिवनी समेत अनेक प्रांतो के भक्तों द्वारा मनोकामना पूर्ण होने के पश्चात ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं इस बार यहाँ 01 घृत सहित 43 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किये गए है यहाँ नित्यप्रति देवी माँ का अर्चन पूजन और विशेष श्रंगार किया जा है।




## ग्राम सिल्लौर में शास्त्र पूजन कर व्यामशाला निकाला गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंगदल द्वारा कुरई ब्लॉक के ग्राम सिल्लौर में शास्त्र पूजन कर व्यामशाला निकाला गया। जो विभिन्न वर्गों से होता हुआ अपने गंतव्य तक पहुंचा। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री गौरीशंकर भलावी के साथ अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अनीश गोलू उइके, राष्ट्रीय बजरंगदल जिला उपाध्यक्ष शिवा तिवारी के साथ संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आदिवासी दंगल समिति के तत्वाधान में 12 अक्टूम्बर को होगा विशाल ईनामी दंगल प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जिला मुख्यालय स्थित बड़े मिशन स्कूल ग्राउंड में सर्व आदिवासी दंगल समिति के द्वारा दिनांक 12/10/2025 दिन रविवार को विशाल ईनामी दंगल का आयोजन समिति के द्वारा रखा गया है वही समिति के आयोजनकर्ताओं के द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया कि आदिवासी समाज के क्रांतिकारी शहीदों के विचारों और उनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है वही इस कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष चन्दन मर्सकोले व उपाध्यक्ष अशोक नवरेती के द्वारा बताया गया कि आदिवासी समाज शहरी क्षेत्र में दंगल प्रतियोगिता कराने जा रहा है जहाँ युवाओं व पहलवानो को अपनी प्रतिभा व कला प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा ।वही आदिवासी दंगल समिति के संयोजक नेपाल उइके, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश नवरेती, सचिव प्रकाश उइके,कार्यकारिणी सदस्य राजू मरकाम, संजू पंन्द्रे, चिंटा सलामे, हिमांशु भलावी, रंजू उइके सरपंच, अनिल उइके, पंजू चौधरी, किशोरी यादव, श्वेताँक इनवाती, मानसिंह उइके, श्रीराम मरावी, राजकुमार कुमरे, नूरदयाल सरपंच,जय सिंह उइके, विनयराज मर्सकोले, एम एस कुंजाम,उत्तम उइके, महेश यादव, प्रेम नारायण उइके, राम कुमार मर्सकोले,बीरलाल इनवाती व अन्य सदस्यों के द्वारा क्षेत्रवासियों, दंगल प्रेमियों व पहलवानो से अपील की है कि अधिक से अधिक जन संख्या में पहुँच कर कार्यक्रम के सफल बनाये।

## कोतवाली पुलिस द्वारा ली गई डी.जे. संचालकों की बैठक



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

आगामी नवरात्रि त्यौहार रैली, जुलूस आदि कार्यकर्मों का आयोजन के दौरान ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, समयबद्धता एवं विधि व्यवस्था के अनुपालन हेतु पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता से निर्देश प्राप्त हुए थे, जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पाण्डेय मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा थाना परिसर कोतवाली में डीजे संचालको की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक थाना कोतवाली प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक किशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणागत एवं शहर के डीजे संचालक शामिल हुए। बैठक में आगामी त्यौहारों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर त्योहारों का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से करने की समझाईश देकर डीजे के संबंध में हिदायत दी गई कि ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग मानक दर डी.बी. (ए) अर्थात 1/4 वाल्यूम में ही किया जावें एवं किसी प्रकार के अश्लील एवं आपत्तिजनक, अशोभनीय तथा भडकाऊ गाने नहीं बजायें जाये एवं अनावश्यक भडकाऊ नारेबाजी नहीं की जाये, जिससे की विवाद / कलह हो। ध्वनि विस्तारक यंत्र के रुप में 02 छोटे साउण्ड बॉक्स का उपयोग किया जावे चौंगा प्रतिबंधित है। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रातः 070 बजे से रात्रि 10/00 बजे के मध्य ही किया जावे। ध्वनि विस्तारक यंत्र के वाहन में वाहन चालक एवं डीजे ऑपरेटर के अलावा अन्य कोई व्यक्ति को न बठावे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का कोई भी हिस्सा वाहन से बाहर नहीं रखे। डीजे वाहन का चालक के पास अपना ड्राईविंग लायसेंस होना चाहिए एवं चालक नशा की हालत में वाहन न चलावे। डीजे वाहन में विद्युत तारों कटे फटे नही होना चाहिए। शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों एवं रिहायशी इलाकों में डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। डीजे संचालन हेतु नाबालिक बालकों को काम में लगाना प्रतिबंधित है।

## ग्राम लूंगसा में युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मेहरा पिपरिया मंडलम के ग्राम लूंगसा में कांग्रेस पार्टी को नई ऊर्जा मिली है। यहाँ के 10 उत्साही युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति अपनी आस्था जताई। सदस्यता कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेश मरावी जी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रकाश सूर्यवंशी के नेतृत्व में युवाओं ने पार्टी के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। युवाओं के जुडऩे से कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलने की बात कही जा रही है। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना अंतर्गत किया जायेगा चारे के बीज का वितरण

**छपारा।** मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना संख्या 1912 अंतर्गत पशुओ हेतु उत्तम चारे के बीज का पशु पालको को योजना अंतर्गत निशुल्क प्रदान किया जाएगा। जिससे हरे चारे की पूर्ति हो सके और पशु पालक बंधुओं को इसका लाभ मिल सके।

ज्ञात हो कि पशु चिकित्सालय छपारा में पदस्थ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के गौतम द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना संख्या 1912 अंतर्गत पशुओ के लिए उत्तम चारे का बीज पशु पालको को निशुल्क प्रदान किया जाना है, जिसके लिए बीज पशु चिकित्सालय आ गया है। चूंकि सभी किसान भाई जानते है कि उन्नत हरे चारे से अधिक दूध प्राप्त होता है इस सपने साकार करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा पशु पालको को नई वैरायटी का हरे चारे का बीज निशुल्क उपलब्ध करवाया जाना है जिसके लिए पशु पालक बंधू अपने आधार कार्ड और खसरे की छाया प्रति के साथ कार्यालयीन समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक पशु चिकित्सालय छपारा में संपर्क कर सकते है। प्रत्येक पशुपालक को 0.25 हेक्टेयर भूमि हेतु 3 किलो चरी चारा का बीज (एडवांटा कंपनी) का निशुल्क प्रदान किया जायेगा, चारा उत्पादन प्रदर्शन के संबंध में सूचित किया जाता है कि चारा उत्पादन प्रदर्शन हेतु विकासखंड छपारा में 106 प्रदर्शन प्लांट का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।ऐसे हितग्राही या पशुपालन या स्व सहायता समूह या दुग्ध समिति या डेरी संचालक जो भी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं वह पशु चिकित्सालय छपारा में आकर अपनी समस्त जानकारी दर्ज करा कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर ऐसे आवेदक को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो एवं डेयरी व्यवसाय में संलग्न हो जिन हितग्राहियों को इस योजना का लाभ लेना है कृपया वे अपनी भूमिका खसरा नंबर और कुल रकबा जिसमें चारा लगाना है इन दोनों चीजों को लेकर पशु चिकित्सालय छपारा में संपर्क कर सकते है।

### प्रेसवार्ता कर बयान पर भड़की कांग्रेस

# मंत्री विजयवर्गीय का बयान आपत्तिजनक, महिलाओं का अपमानः संजय उइके

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर दिए गए बयान को लेकर कांग्रेस हमलावर हो गई है। गत दिवस पुतला दहन के बाद शनिवार को प्रदेशभर में महिला प्रतिनिधियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बालाघाट में कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हीना कावरे ने बयान को 'निम्नस्तरीय' बताया, जबकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने इसे 'महिलाओं का अपमान' करार दिया।**





प्रदेश उपाध्यक्ष हीना कावरे ने कहा कि पूरा देश डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान के अनुसार एकजुट होकर स्वतंत्र जीवन जी रहा है। हालांकि, देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का एक 'दूसरा संविधान' भी है, जो लोगों को यह बताता है कि उन्हें क्या करना है, क्या पहनना है, कहां जाना है और कहां नहीं जाना है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली से सीखकर आए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इसी 'संविधान' के आधार पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर टिप्पणी की है, जो उनके पवित्र रिश्ते पर 'कलंकित सोच' को दर्शाती है। बाबासाहेब के संविधान से हमें निजता का मौलिक अधिकार मिला है, जिसमें अपने लोगों के साथ कई भावनाएं जुड़ी होती हैं। हम सुख-दुख में परिवार के सदस्यों को गले लगाकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं। मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा विजयवर्गीय के बयान का समर्थन करने के सवाल पर सुश्री कावरे ने कहा कि जब भाजपा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए बयान के बाद उन्हें बर्खास्त नहीं किया, तो उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उईके ने बयान को 'आपत्तिजनक' और 'महिलाओं का अपमान' बताते हुए कहा कि यह भाजपा की महिलाओं के प्रति कथनी और करनी में अंतर को दर्शाता है। कांग्रेस इस बयान की कड़ी निंदा करती है और यह स्पष्ट करना चाहती है कि किसी की निजता में हस्तक्षेप का अधिकार किसी को नहीं है।

### प्रशिक्षु आईएफएस ने ग्रामीणों से किया संवाद सुनी समस्याएं

# नुक्कड़ नाटक से वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** दक्षिण सामान्य बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के अंतर्गत आने वाले पठार इलाके के ग्रामीण अंचलों में वन विभाग ने विशेष अभियान चलाया. ग्रामीणों में वन, वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता के लिए जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक का आयोजन स्थानीय कलाकारों के सहयोग से किया गया. दरअसल, इस वर्ष वन परिक्षेत्र कटंगी के पठार इलाके में वन्य जीव बाघ और मनुष्यों के टकराव की सर्वाधिक घटनाएं हुई. पठार अंचल के तीन लोगों असमय जान चली गई. जिसके बाद ग्रामीणों और वन विभाग के बीच स्थापित संबंधों में टकराव भी देखा गया. अब वन विभाग फिर से ग्रामीणों के बीच अपने संबंधों को स्थापित करने और ग्रामीणों को जागरूक करने की पहल कर रहा है. इसी कड़ी में मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी, दक्षिण सामान्य वन मंडल अधिकारी बालाघाट अधर गुप्ता के मार्गदर्शन में वन्यजीव संरक्षण के लिए नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र कुमार मीणा, उपवन मंडल अधिकारी बी.आर. सिरसाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी बी.एल.चढ़ार, मास्टर ट्रेनर सुरेन्द्र वड़ीचार और वन विभाग की टीम के द्वारा स्थानीय प्रतिभाशाली कलाकारों के माध्यम से मानव वन्यजीव संघर्ष में आत्मरक्षा के लिए जन जागरूकता और वन्यजीव संरक्षण की दृष्टिकोण से नुक्कड़ नाटक का सजीव चित्रण स्थानीय समुदाय और संयुक्त प्रबंधन समिति सदस्यों के बीच किया गया. ग्राम मासुलखापा के शासकीय माध्यमिक स्कूल में यह आयोजन हुआ. जिसमें प्रधानपाठक गजानन पुष्पतोड़े, शिक्षक संजय गभने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चन्द्रकला बोपचे का महत्वपूर्ण योगदान रहा. नाटक के साथ प्रतियोगी परीक्षा में हिस्सा लेने वाले छात्र अंकित पुष्पतोड़े और सलोनी सेलोकर को वन विभाग ने प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया. वन विभाग ने ग्राम कोड़बी में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन करवाया. कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अजय जगजीवन, पूर्व सरपंच शरद सहारे, संतोष पुष्पतोड़े, स्थाई पटेल मोरेश्वर डहरवाल, कांतीलाल पुष्पतोड़े, दिलीप गुप्ता, बिसनलाल पुसाम, रामकुसन झोड़े, शत्रुघन पुष्पतोड़े विशेष अतिथि रहे. यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए. ग्रामीणों ने प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र मीणा ने संवाद किया. ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों को वन्य प्राणी नुकसान पहुंचा रहे है. अधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि वन विभाग और सरकार इस दिशा में गंभीर कदम उठा रही है. जंगल से सटे खेतों में सोलर करंट का प्राक्कलन सरकार को भेजा गया है. इसके पूर्व ग्राम महकेपार पावर हाउस के पास से वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने जागरूकता रैली निकाली, जिसमें ग्राम महकेपार, कन्हड़गांव, अंबेझरी, कुड़वा, गोरेघाट, हेटी, बड़पानी में भम्रण करते हुए मासुलखापा में विराम लिया।

## मनाया गया स्वदेसी जागरण अभियान एवं दीनदयाल उपाध्याय जयंती, नव प्रवेशित छात्र-छात्रा उत्सव



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

25 सितम्बर को जिला समन्वयक सुशील कुमार बर्मन निर्देशानुसार महाविद्यालय मे मुख्य अतिथियों एवं नव वर्ष में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि री भगतसिंह नेताम के द्वारा दीनदयालजी की जीवनी पर व्याख्यानमाला की गयी एवं नशमुक्ति शपथ ग्रहण कराकर रैली निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि भगतसिंह नेताम, यशवंत मागरे, सुनिल रहंगड़ाले,गेड़ाम सर, संजय श्रीवास, बृजधर दुबे, विजय श्रीकांत मिश्रा, कॉलेज स्टाफ, ब्लॉक समन्वयक मैडम श्रीमती स्वर्णलता चोपड़ा,नवांकुर प्रमुख प्रकाश डहरवाल, परामर्शदाता श्रीमती वर्षा ठाकुर, सुनील पापड़े, विवेकानंद मराठे, भानुप्रताप सिंह मरकाम, जीतेन्द्र श्रीवात्री , करन सिंह तेकाम , बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू में अध्यनरत समाजसेवी सभी के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम महाविद्यालय परिसर मे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## मॉयल दुर्गा माता का मंदिर बना आकर्षण का केन्द्र

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** स्थानीय मॉयल लिमिटेड भरवेली खदान द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शारदेय नवरात्रि अपनी पूर्ण गरिमामय तरीके से मनाई जा रही है। जिसमें खदान में काम करने वाले सभी जाति धर्म के कामगार कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा अपना एक दिन का वेतन प्रदान करके भव्य आयोजन विगत 50 वर्षो से अधिक समय से आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी जाति वर्ग की रूचि के अनुरूप विविध संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसका आनंद उठाने के लिये प्रतिदिन हजारों की भीड यहा पहुंच रही है। वष्र 2025 में आयोजित नवरात्रि पर्व में भरवेली मॉयल दुर्गा उत्सव में विगत 20 वर्षो से डेकोरेशन का काम देखने वाले मयूर डेकोरेशन जिसके संचालक सोनू बर्वे है द्वारा लगभग 3300 मीटर कपडे के माध्यम से निर्मित आकर्षक मंदिर इस बार भी आम जनता को प्रभावित कर रहा है। इसी तरह से मैदान के चारों ओर व्यवस्थित रूप से दुकानों को भी नया रूप प्रदान किया गया है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में मातारानी के दर्शन और मंदिर को देखने भक्तों की भीड उमड रही है। मातारानी की कृपा से मौसम उतार चढ़ाव भरा होने के बाद भी दर्शनार्थियों की संख्या प्रतिदिन बढ रही है। सोनू बर्वे द्वारा वर्षो से मॉयल भरवेली दुर्गाउत्सव का मंदिर निर्माण सहित संपूर्ण डेकोरेशन साकार किया जाता है। इस मेले में विविध सामानों की दुकानें, मनोरंजन के लिये झुले, चाय पान के स्टाल और ऐसे विविध दुकानों में मेले की व्यवस्था में चार चांद लगा रही है। इसके जरिये छोटे छोटे दुकानदार भी अपना आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे है।




मॉयल लिमिटेड के द्वारा आयोजित इस दुर्गाउत्सव में प्रथम दिन जागरण गायिका पूजा साकरे द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित देवी भक्तों का खूब मनोरंजन किया। संपूर्ण पंडाल को भक्तिमय बना दिया। जबकि दूसरे दिन अशोक मिश्रा द्वारा निर्देशित रामकथा का आयोजन भी पहली बार सराहनीय प्रस्तुती रही। भक्ति गीतों के गायक इसरत जहां मुम्बई और अमन परवाना द्वारा आकर्षक एवं मन छुने वाले देवी जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जबकि छत्तीसगढी कार्यक्रम के अंतर्गत अमर श्रीवास भिलाई के द्वारा लोकसंगीत का सराहनीय प्रस्तुती दी गई। वहीं आर्केस्ट्रा नागपुर के साथ लोकप्रिय कॉमेडियन कलाकार वीआईपी द्वारा एक यादगार प्रोग्राम दिया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 माटे में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

म.प्र. शासन के निर्देशानुसार महिला बाल विकास विभाग किरनापुर के अंतर्गत आने वाली आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 माटे में परियोजना अधिकारी श्रीमती अमृता कुजूर की उपस्थिति में यह कार्यक्रम कराया गया। जिसमें महिला एवं पुरुषों में नियमित स्वास्थ्य जांच में शामिल, गर्भवती और स्तन पान करने वाली माता को परामर्श, पोषण से भरपूर बच्चों का ऊपरी आहार,0 से तीन वर्ष के बच्चों हेतु अभिभावक सत्र, पौष्टिक खाद्य पदार्थों का उपयोग पर विशेष जानकारी दी गई। राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 15 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित सुलोचना रावते पर्यवेक्षक, धनवंता रावते पर्यवेक्षक, अछला खोब्रागडे कार्यकर्ता, प्रेमलता खरे कार्यकर्ता, खेमाश्वरी मानेश्वर सहायिका, पूजा जामरे, श्याम काली पाचे, अर्चना पाचे, राजेश्वरी पाचे उर्मिला पाचे, संगीता पाचे, रीता मानेश्वर और भी अन्य महिलाओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## 8वाँ राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम सेक्टर मोहगांव खुर्द 2025

**किरनापुर।** स्वास्थ एवं पोषित बच्चों की माता के साथ कुपोषित बच्चों की माताओं का संवाद सांझा करना।₹शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग सेवापरियोजना किरनापुर के अन्तर्गत आठवा राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आज दिनांक 27.09.2025 को सेक्टर स्तरीय पोषण माह कार्यक्रम मनाया गया।उपरोक्त कार्यक्रम परियोजना अधिकारी श्रीमती अमृता कुजूर के मार्गदर्शन में सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती धनवंता वरकडे एवं समस्त कार्यकर्ता व ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम में स्वस्थ्य एवं पोषित बच्चों के माताओ द्वारा कुपोषित बच्चों की माताओं को पौष्टिक भोजन, संतुलित, आहार और सही समय पर खाना खिलाने की समझाईश दी गई। ताकि कुपोषित बच्चों की मातायें भी अपनी कुपोषण संबंधी आदतों में सुधार कर सकें और अपने बच्चों को पोषित कर सकें ।

## खैरलांजी अस्पताल में निशुल्क शिविर में 987 मरीजो की जांच की गई, दिया परामर्श की दवा वितरण



### पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रमुख आतिथ्य में शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** शनिवार 27 सितंबर को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत खंड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप के निर्देशन एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. खिलेंद्र पाल नागेंद्र के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर कार्यक्रम में प्रमुख रूप पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ( गुड्डा भैया) शामिल हुए।जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने हस्ते शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान निशुल्क शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम के द्वारा करीब 987 मरीजो की जांच की और उचित परामर्श व उपचार प्रदान करते हुए मरीजो को लाभान्वित किया गया । साथ ही महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई और उपचार प्रदान किया गया । बताया गया की शिविर में स्त्री रोग चिकित्सक के द्वारा 366 महिलाओ की जांच की गई, नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा 165 नेत्र रोगी जांच । शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा 185 बच्चो की जांच , मेडिसिन विशेषज्ञ द्वारा 399 मरीजो की जांच ,कुष्ठ रोग विभाग द्वारा 35 हितग्राही की जांच की गई तथा मलेरिया विभाग द्वारा 215 हितग्राहीयो के रक्त की जांच कर उचित परामर्श दिया एंव दवाई वितरण की गई। तथा रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया जिसमें ब्लॉक के रक्तदाता द्वारा रक्तदान किया गया। इस दौरान शिविर में श्रीमती मधु ऋषि शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, प्रकाश ऊके जिला पंचायत सदस्य, नरेंद्र शुक्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष, डोमन सिंह लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी मानसिंह बहेटवार ,बीएमओ डा.खिलेंद्र पाल, डॉ. प्रफुल्ल भारती, डॉ. आदित्य पाटीदार, नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन, कमल नागपुरे खंड विस्तार प्रशिक्षक सहित स्वास्थ विभाग का अमला मौजूद रहा।

### भजन गायक शनि अलबेला ने दी शानदार प्रस्तुति

## भक्ति गीतों पर झूमे विधायक विवेक विक्की पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



**जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा में सार्वजनिक श्री माता मंदिर समिति द्वारा उज्जैन के भजन गायक एवं महाकाल भक्त शनि अलबेला का जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाकाल की नगरी उज्जैन से पधारे भजन गायक शनि अलबेला और उनकी टीम द्वारा गणेश वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। उसके बाद मातारानी मुझे तेरा ही सहारा है, शिरडी वाले सांई बाबा, तेरे दरबार में मैय्या खुशी मिलती है, सुन माता अंजना ध्यान से तेरा लल्ला अखाड़े में लठ खेलता, महाकाल मेरे सरकार आये है सहित एक से बढक़र एक भगवान के भक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। वही भक्ति गीतों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया।**

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल के पहुँचने पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा उनका ढोल नगाड़ो व आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विधायक श्री पटेल ने माता मंदिर पहुंच कर मातारानी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र में चारों ओर विकास के कार्य प्रगति पर हैं, बहुत जल्द वारा में बनने वाले ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। जिससे महाराष्ट्र जाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। कुछ ही दिनों पूर्व हमने ग्राम पंचायत वारा में बौद्ध समाज की मांग पर वाचनालय की सौगात दी हैं। वही माता मंदिर के चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य बहुत जल्द प्रारम्भ हो जाएगा। मैं कांग्रेस का एक छोटा सा कार्यकर्ता हूॅ, मुझे आप लोगो ने विधायक बनाया है। अब मेरा फर्ज है कि मैं आप लोगो के लिए कुछ करू। आप मुझे आदेश देते रहिए, मैं काम करता रहूंगा। ग्राम वारा से गोंडीटोला मार्ग बहुत जर्जर हो चुका हैं, उसे भी बहुत जल्द बनाया जाएगा।

## जी एस टी बचत उत्सव पर मोदी सरकार ने दिया त्यौहारों पर दोहरा तोहफा- किशोर अमूले

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

**मां दुर्गा जी के नवरात्रि पर्व से देश में लागू जी एस टी दर 5 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत दो स्लैब रखने से अब रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होने से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा एवं औसत घर लाभान्वित होंगे।**



भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने जी एस टी बचत उत्सव के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से देश के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने जा रहा है। भारत के टैक्स सिस्टम में आज ऐतिहासिक बदलाव लागू हो गया है, नया गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स जी एस टी 2.0 पूरे देश में प्रभावी हो चुका है, जो टैक्स सिस्टम को सरल बनाने एवं आम नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में मोदी सरकार का बड़ा कदम है।

मासिक खर्च कम होगा, तो बढ़ेगी बचत

उन्होंने कहा कि इससे सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। यह बचत बाजार एवं औसत खपत में भी बढ़ोतरी होगी। इससे एफ एम सी जी खुदरा एवं ऑटोमोबाइल आदि अनेक क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता मांग में बढ़ोतरी होगी। जो स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देगा। इस नई व्यवस्था के तहत टैक्स स्लैबों को सरल बनाकर सिर्फ 5 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत रखा गया हैं, जिससे रोजमर्रा की वस्तुएं एवं सेवाओं पर बोझ कम होगा।

### जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान का शंखनाद

# भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल में कार्यशाला हुई संपन्न

### देश की समृद्धि का मूलमंत्र स्वदेशीः हेमेन्द्र क्षीरसागर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भाजपा प्रदेश संगठन के आव्हान और भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री, रामकिशोर नानो कावरे के कुशल नेतृत्व में भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल में आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर कार्यशाला बगदरा में कल संपन्न हुई। सर्वप्रथम भारत माता, डां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण, और पूजा अर्चन किया गया। जहां गर्व से कहो हम है स्वदेशी, हर-घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। वही लोकल फार वोकल को बढ़ावा देने के लिए कार्यकर्ताओं को तिथि, स्थान वार जिम्मेदारी सौंपी गई। अभियान के शंखनाद 25 सितंबर अंत्योदय के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती से 25 दिसंबर, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जयंती तक शक्ति केंद्र और बूथों पर चलाया जायेगा। इस दौरान यह बहुमुखी आयोजन जनता-जनार्दन के अमूल्य योगदान और भाजपा के तपोनिष्ठ कार्यकर्ताओं के समर्पण से संपादित होंगे। कार्यशाला में वक्ता के तौर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, मंडल प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर, भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे, मंडल महामंत्री रामप्रसाद राउत, जनपद सदस्य महेश शरणागत, वरिष्ठ नेता दीनदयाल नागपूरे, मंडल उपाध्यक्ष ओमकार पारधी, मंडल कोषाध्यक्ष नवीन पिहारे, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी राजेश अग्रवाल, लिंगा शक्ति केंद्र संयोजक भोलानाथ वामनकर, बूथ अध्यक्ष सतोष लिल्हारे, रेमन नागपुरे, शैलेंद्र बहेकार, सरोज दौनेकर, असीम दशहरे सहित पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि ने अपनी भागीदारी दी।



### अंतोदय से सर्वोदय और राष्ट्रदोयः क्षीरसागर

वक्ता के तौर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा, आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत की नींव है। हम सब इसके पहरेदार हैं, हमें देश के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करना होगा। अभिभूत भाजपा प्रदेश संगठन के आवाह्न और भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे के नेतृत्व में समूचे जिले में आत्मनिर्भर भारत अभियान का शंखनाद हो रहा है। इसी कड़ी में हम एक कड़ी बनकर देश के नव निर्माण की सीढ़ी बने। आखिर देश की समृद्धि का मूलमंत्र स्वदेशी ही है। अभिकल्पना से अंतोदय से सर्वोदय और राष्ट्रदोय का भाव नागरिक देवो भव के स्वरूप में परिलच्छित होगा।

### गांव का पैसा गांव मेंः सतीश लिल्हारे

स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, उनका उपयोग करना हम सब की जिम्मेदारी है ताकि गांव का सामान गांव में और गांव का पैसा गांव में बना रहे। जो आने वाले समय में समृद्ध और संपन्न गांव का आधार बनेगा। इसी विचार को आगे बढ़ते हुए भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं आत्मनिर्भर भारत अभियान में जन जागरण का हिस्सा हमें बना होगा। यह बात कहते भी भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे ने कहा, हम सब कार्यकर्ता मिलकर देश को समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए जी तोड़ मेहनत करेंगे।

## जाम में एक दिवसीय डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट आज



**लालबर्रा।** लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में एनसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में दर्शकों के मनोरंजन एवं प्रतिभावान को उभारने के लिए डबल विकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका प्रथम इनाम रू3000 एवं द्वितीय रू1000 रखा गया है जिसकी प्रवेश शुल्क 301 रुपए रखी गई है। राजा नगपुरे, शुभम श्रीवाश, प्रदीप लिल्हारे, सुनील सेंडे ,रोहित देव, अतुल लिल्हारे, सुमित सोनवाने, राहुल सुलेमान एवं ग्राम वासियों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस डबल विकेट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को भाग लेने की अपील की है।

//आम सूचना//

आम जन को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि सम्पत्ति खसरा नं.22 रकबा 0.069 हेक्टेयर भूमि मौजा पोंडी, पहन 28/63, रानिम भण्डेरी, तह. बैहर, जिला बालाघाट में स्थित है। उक्त भूमि संपत्ति मैंने पंजीयत विक्रयपत्र दिनांक 09/12/2004 द्वारा श्री सुरजप्रसाद अग्रवाल पिता श्री मामराज अग्रवाल निवासी ग्राम उकवा, तह. बैहर जिला बालाघाट से क्रय कर प्राप्त की गयी थी। जिसका पंजीयन कार्यालय बैहर में पजीकरण ग्रंथ संख्या 1888 एवं दस्तावेज संख्या 814 है।
यह कि मेरी उपरोक्त वर्णित संपत्ति का पंजीयत विक्रयपत्र दिनांक 09/12/2004 की असल प्रति रखरखाव के अभाव में गुम हो गयी है, मेरे द्वारा उसे बंधक गिरवी नहीं रखा गया है एवं ना ही उसका कोई मिथ्या दुरूपयोग ही किया गया है एवं ना ही कोई जानकारी छुपाने का उददेश्य है। मेरी उक्त उक्त संपति विवादरहित एवं भारमुक्त है।
बालाघाट, दिनांक 17/09/2025
सूचनादाता
प्रेमसिंह ढाकरे पिता श्री ईशूलाल ढाकरे
जाति पवार, निवासी ग्राम पोंडी
तह. बैहर जिला बालाघाट